तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज प्रा. पत्र बाजदायरी संख्या 112/2022 कृषि उपज मण्डी समिति बनाम राजस्थान सरकार	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
19.06.2023	पत्रावली पेश हुई। वकील अपीलांट श्रीमती नीतू सिंह चौधरी, एड. उप.। वकील अपीलांट को प्रार्थना पत्र बाज दायरी पर सुना गया। प्रार्थी द्वारा अपने प्रार्थना पत्र में कथन किया है कि प्रार्थी/अपीलार्थी ने उक्त उनवानी अपील पेश की गयी थी, जो दिनांक 24.05.2022 को अदम हाजरी, अदम पैरवी में खारिज फरमा दी गई थी। उक्त उनवानी प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष दिनांक 24.05.20022 को तारीख पेशी में नियत था, किन्तु अपीलार्थी के अधिवक्ता की डायरी में उक्त तारीख पेशी नोट होने से रह गई, जिस कारण से अपीलार्थी अधिवक्ता को उक्त तारीख पेशी व आगामी तारीख पेशी का ज्ञान नहीं हो सका। जिस कारण माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 24.05.2022 को उक्त प्रकरण को अदम हाजरी, अदम पैरवी में खारिज फरमा दिया था। जब अपीलार्थी का फोन अपीलार्थी के अधिवक्ता के पास आया तो अपीलार्थी के अधिवक्ता ने दिनांक 20.11.2022 को न्यायालय में जाकर उक्त प्रकरण के बारे में मालूमात की तो ज्ञात हुआ कि उक्त उनवानी अपील दिनांक 24.05.2022 को अदम हाजरी, अदम पैरवी में खारिज फरमा दी गई। तत्पश्चात अपीलार्थी के अधिवक्ता द्वारा प्रार्थी/अपीलार्थी को बताने पर प्राथी/अपीलार्थी ने अन्य अधिवक्ता के मार्फत दिनांक 24.11.2022 को नकल हेतु आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर 25.11.2022 को नकल प्राप्त की जाकर यह प्रार्थना पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष यह प्रार्थना पत्र अविलम्ब प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रार्थी/अपीलार्थी उक्त प्रकरण को मेरिटंस पर कन्टेस्ट करना चाहता है, इसलिये उक्त उनवानी अपील को पुनः नम्बर पर /रेस्टोर किया जाकर पुनः सुनवाई पर लिया जाना न्यायहित में अति आवश्यक है। प्रार्थी/अपीलार्थी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार फरमाया जाकर उनवान अपील को रेस्टोर किये जाने के आदेश प्रदान करने की कृपा करें। पत्रावली का अवलोकन किया गया। न्यायहित में प्रार्थना पत्र रेस्टोरेशन 300/रू. की कोष्ट पर स्वीकार किया जाकर मूल अपील रेस्टोर की जाती है। वकील अपीलांट 300/– रू. की कोष्ट राजकोष में जमा कराकर रसीद पेश करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जाकर हमफिता अपील रहे। आदेश सुनाया गया। (असलम शेर खान) अति. संभागीय आयुक्त जयपुर अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जयपुर	त

Scanned by CamScanner